# CODE-KVS(DR)/2025/AS
# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, DELHI REGION

| PRE BOARD 1 EXAMINATION (2025-26) | |
|---|---|
| **CLASS – XII**<br>**M.M. – 80** | **SUB- HINDI (CORE) (302)**<br>**TIME – 3 HRS** |

**<u>सामान्य निर्देश-</u>**

- यह प्रश्न-पत्र तीन खंडों में विभाजित है।
- खंड - क में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- खंड ख में पाठ्यपुस्तक 'अभिव्यक्ति और माध्यम' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- खंड ग में पाठ्यपुस्तक 'आरोह' और 'वितान' से प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
- तीनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथासम्भव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

| प्रश्न सं | खंड - क (अपठित बोध) | अंक (18) |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए :- | (10) |
| | आजकल सबसे बड़ी समस्या पाश्चात्यीकरण को आधुनिकीकरण की प्रक्रिया समझने संबंधी भूल है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से पाश्चात्यीकरण एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रियाएँ सिद्धांततः भिन्न हैं, लेकिन व्यावहारिक रूप में कुछ भिन्नता होने के बावजूद उनमें काफी समानता है। सरल शब्दों में कहें तो भारत में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पश्चिमीकरण की प्रक्रिया द्वारा ही प्रारंभ होती है। पश्चिमीकरण की प्रक्रिया में जहाँ पश्चिमी संस्कृति का अनुकरण किया जाता है, जिसमें आधुनिक मूल्यों के साथ-साथ कुछ रूढ़िवादी परंपराएँ भी शामिल रहती हैं, जबकि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया एक मूल्य भारित अवधारणा है अर्थात् आधुनिक मूल्यों का अनुकरण करना एवं उनके अनुरूप व्यवहार करना आधुनिकीकरण है। इस तरह पश्चिमीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत आँखें मूंदकर पाश्चात्य देशों की संस्कृति का अनुकरण करना ही आधुनिकीकरण नहीं है। यही कारण है कि पश्चिमीकरण के अंतर्गत मौजूद आधुनिक | |

| | | |
|---|---|---|
| | मूल्यों का अनुकरण करना तो तार्किक एवं उपयुक्त लगता है, लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के अन्य तत्वों का अंधानुकरण अनुचित है। पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण करने की होड़ में हम अपनी भाषा, संस्कृति, वेशभूषा, कला, रहन-सहन, साहित्य आदि सभी को भूल गए हैं। आधुनिकता की इस दौड़ में हमने आर्थिक के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अत्यंत प्रगति की है। शिक्षा का प्रसार, संचार साधनों का विकास, भौतिकवादी संस्कृति का प्रचार आदि कारकों ने रूढ़िग्रस्त परंपरागत भारतीय आदर्शों में अनेक सकारात्मक परिवर्तन किए हैं। रूढ़िग्रस्त, आडंबरपूर्ण एवं अतार्किक धर्म के प्रति लोगों का लगाव कम होता जा रहा है। अधिकांश लोग अब भाग्य की अपेक्षा कर्म पर विश्वास करने लगे हैं। आधुनिकता आज समय की माँग है। | |
| (क) | प्रस्तुत गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है?<br>(i) आधुनिकता का महत्त्व<br>(ii) पश्चिमीकरण का प्रभाव<br>(iii) भारत में आधुनिकता और पश्चिमीकरण का प्रभाव<br>(iv) पश्चिमी संस्कृति की विशेषता | 1 |
| (ख) | पाश्चात्यीकरण एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रिया सिद्धांततः किस दृष्टिकोण से भिन्न मानी गई है?<br>(i) सामाजिक दृष्टिकोण से<br>(ii) राजनीतिक दृष्टिकोण से<br>(iii) समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से<br>(iv) धार्मिक दृष्टिकोण से | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए ।<br>कथन (A) पाश्चात्यीकरण एवं आधुनिकीकरण की प्रक्रियाओं में काफी समानता है।<br>कारण (R) आधुनिकीकरण की प्रक्रिया पश्चिमीकरण की प्रक्रिया द्वारा ही आरंभ होती है।<br><br><u>विकल्प:</u> | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है<br>(ii) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है<br>(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या<br>नहीं करता है | |
| (घ) | पश्चिमीकरण की प्रक्रिया में क्या शामिल रहता है? | 1 |
| (ङ) | पाश्चात्य संस्कृति का अन्धानुकरण करने की होड़ का क्या परिणाम हो रहा है? | 2 |
| (च) | पश्चिमीकरण के अंतर्गत क्या करना तार्किक एवं उपयुक्त लगता है? | 2 |
| (छ) | 'आधुनिकता आज समय की माँग है'- लेखक इस कथन से क्या सिद्ध करना चाहते हैं? | 2 |
| | | |
| **2.** | निम्नलिखित अपठित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर लिखिए :- | 8 |
| | पथ बंद है पीछे अचल है पीठ पर धक्का प्रबल।<br>मत सोच बढ़ चल तू अभय, ले बाहु में उत्साह-बल।<br>जीवन-समर के सैनिकों, संभव असंभव को करो<br>पथ-पथ निमंत्रण दे रहा आगे कदम, आगे कदम।<br>ओ बैठने वाले तुझे देगा न कोई बैठने।<br>पल-पल समर, नूतन सुमन-शय्या न देगा लेटने।<br>आराम संभव है नहीं जीवन सतत संग्राम है<br>बढ़ चल मुसाफिर धर कदम, आगे कदम, आगे कदम।<br>ऊँचे हिमानी श्रृंग पर, अंगार के भ्रू-भृंग पर<br>तीखे करारे खंग पर आरंभ कर अद्भुत सफर<br>ओ नौजवां, निर्माण के पथ मोड़ दे, पथ खोल दे<br>जय-हार में बढ़ता रहे आगे कदम, आगे कदम । | |
| (क) | इस काव्यांश में कवि किसे प्रेरणा दे रहा है ?<br>(i) मनुष्य को | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ii) उत्साह को<br>(iii) सफर को<br>(iv) कवि स्वयं को | |
| (ख) | किस पंक्ति का आशय है- जीवन के युद्ध में सुख-सुविधाएँ चाहना ठीक नहीं?<br>(i) पल-पल समर, नूतन सुमन-शय्या न देगा लेटने।<br>(ii) पथ बंद है पीछे अचल है पीठ पर धक्का प्रबल।<br>(iii) जय-हार में बढ़ता रहे आगे कदम।<br>(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं। | 1 |
| (ग) | अद्भुत सफर की अद्भुतता क्या है?<br>निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:<br>कथन (i) हिम से ढके पहाड़ों पर चलना<br>कथन (ii) ज्वालामुखी के लावे पर शोध करना<br>कथन (iii) तीखे तलवारों पर चलना<br>कथन (iv) अनजाने रास्तों पर चलना<br>विकल्प:<br>(i) केवल कथन (ii) सही हैं।<br>(ii) केवल कथन (i) सही हैं।<br>(iii) केवल कथन (i) और (iii) सही हैं।<br>(iv) केवल कथन (i) और (iv) सही हैं। | 1 |
| (घ) | 'जीवन सतत संग्राम है'।–कवि ने ऐसा क्यों कहा है ? | 1 |
| (ङ) | काव्यांश में कवि ने जीवन-समर के सैनिकों को जो संदेश दिया है, उससे आप को क्या सीखना चाहिए ? | 2 |
| (च) | बढ़ चल मुसाफिर धर कदम, आगे कदम, आगे कदम' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट करिए। | 2 |
| | | |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड - ख (अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (22)** |

| | | |
|---|---|---|
| **3.** | दिए गए निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए :- | 6 |
| | (क) स्वच्छता अभियान में मेरा योगदान<br>(ख) मेरे बचपन की न भूलने वाली भूल<br>(ग) 'एक पेड़ माँ के नाम' से किया गया वृक्षारोपण | |
| **4.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए:- | 8 |
| (क) | मुद्रित माध्यम की किन्हीं दो कमियों का उल्लेख कीजिए | 2 |
| (ख) | अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से क्या तात्पर्य है? | 2 |
| (ग) | समाचार किस शैली में लिखा जाता है और क्यों? | 2 |
| (घ) | समाचार लेखन के छह ककारों का नाम लिखिए। | 2 |
| (ङ) | कहानी और नाटक की किन्हीं दो समानताओं को लिखिए। | 2 |
| **5.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए:- | **8** |
| (क) | टीवी खबरों के विभिन्न चरणों पर प्रकाश डालिए। | 4 |
| (ख) | विशेष लेखन को परिभाषित करते हुए विशेष लेखन के कुछ प्रचलित क्षेत्रों का नामोल्लेख कीजिए। | 4 |
| (ग) | खेल पत्रकारिता के महत्त्व को रेखांकित करते हुए बताएँ कि खेल पत्रकार में क्या-क्या विशेषताएँ होनी आवश्यक हैं? | 4 |
| **प्रश्न संख्या** | **खंड - ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **अंक (40)** |
| **6.** | निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए:- | **5** |
| | किसबी, किसान-कुल, बनिक, भिखारी, भाट,<br>चाकर, चपल नट, चोर, चार, चेटकी।<br>पेटको पढ़त, गुन गढ़त, चढ़त गिरि,<br>अटत गहन-गन अहन अखेटकी।। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | ऊँचे-नीचे करम, धरम-अधरम करि,<br>पेट ही को पचत, बेचत बेटा-बेटकी।<br>'तुलसी' बुझाइ एक राम-घनस्याम ही तें,<br>आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेटकी ।। | |
| (क) | प्रस्तुत पद्यांश में वर्णित भूख से उत्पन्न स्थितियों में सर्वाधिक मार्मिक स्थिति कौन-सी है?<br>(i) पेट भरने के लिए पर्वतों पर आजीविका खोजना<br>(ii) पेट भरने के लिए बेटा-बेटी को भी बेचने की विवशता<br>(iii) पेट भरने के लिए दिनभर धूप में शिकार खोजना<br>(iv) पेट भरने के लिए नीच कर्म करना | 1 |
| (ख) | कवि के अनुसार पेट की आग को कैसे शांत किया जा सकता है?<br>(i) अनुचित कर्म करके<br>(ii) ईश्वर कृपा से<br>(iii) निम्न कार्य करके<br>(iv) कुछ भी कार्य न करके | 1 |
| (ग) | 'पेट की आग' मनुष्य को क्या करने पर मज़बूर कर देती है?<br>(i) धर्म-अधर्म करने पर<br>(ii) सुकर्म करने पर<br>(iii) नौकरी करने पर<br>(iv) भजन करने पर | 1 |
| (घ) | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन (A) जन-सामान्य कोई भी बुरा-से-बुरा काम करने के लिए विवश है।<br>कारण (R) लोगों की विषम आर्थिक परिस्थिति थी।<br>विकल्प :<br>(i) कथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है<br>(ii) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है | |
| (ङ) | इस पद्यांश में कवि ने किस छंद का प्रयोग किया है?<br>(i) रुबाई<br>(ii) दोहा<br>(iii) कवित्त<br>(iv) सोरठा | 1 |
| **7.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:- | **6** |
| (क) | 'रुबाइयाँ" के आधार पर घर-आँगन में दीवाली और राखी के द्वश्य-बिंब को अपने शब्दों में समझाइए। | 3 |
| (ख) | 'कविता के बहाने' पाठ के आधार पर बताइए कि 'सब घर एक कर देने के माने' से कवि क्या सन्देश दे रहा है? | 3 |
| (ग) | सिद्ध कीजिए कि 'उषा' कविता में कवि ने गाँव की सुबह का गतिशील चित्र का वर्णन किया है। | 3 |
| **8.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए:- | **4** |
| (क) | रचना के संदर्भ में 'अंधड़' और 'बीज' क्या है? | 2 |
| (ख) | 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किस पर व्यंग्य किया गया है? | 2 |
| (ग) | संसार में कष्टों को सहते हुए भी खुशी और मस्ती का माहौल कैसे पैदा किया जा सकता है? 'आत्मपरिचय' कविता के आधार पर बताइए। | 2 |
| **9.** | निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर को चुनकर लिखिए:- | **5** |
| | पैसे की व्यंग्य-शक्ति की सुनिए। वह दारुण है। मैं पैदल चल रहा हूँ कि पास ही धूल उड़ाती निकल गई मोटर। वह क्या निकली मेरे कलेजे को कौंधती एक कठिन व्यंग्य | |

| | | |
|---|---|---|
| | की लीक ही आर-से-पार हो गई। जैसे किसी ने आँखों में उंगली देकर दिखा दिया हो कि देखो, उसका नाम है मोटर, और तुम उससे वंचित हो! यह मुझे अपनी ऐसी विडंबना मालूम होती है कि बस पूछिए नहीं। मैं सोचने को हो आता हूँ कि हाय, ये ही माँ-बाप रह गए थे जिनके यहाँ मैं जन्म लेने को था! क्यों न मैं मोटरवालों के यहाँ हुआ! उस व्यंग्य में इतनी शक्ति है कि जरा में मुझे अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है। लेकिन क्या लोक-वैभव की यह व्यंग्य-शक्ति उस चूरन वाले अकिंचित्कर मनुष्य के आगे चूर-चूर होकर ही नहीं रह जाती? चूर-चूर क्यों, कहो पानी-पानी। तो वह क्या बल है जो इस तीखे व्यंग्य के आगे अजेय ही नहीं रहता, बल्कि मानो उस व्यंग्य की क्रूरता को ही पिघला देता है ? | |
| (क) | लेखक के अनुसार वह कौन-सी शक्ति है, जो अपने सगों के प्रति कृतघ्न कर सकती है?<br>(i) बल की शक्ति<br>(ii) बौद्धिक शक्ति<br>(iii) पैसे की व्यंग्य-शक्ति<br>(iv) मोटर साइकिल की शक्ति | 1 |
| (ख) | पैसे की व्यंग्य-शक्ति किस शक्ति के आगे चूर-चूर हो जाती है?<br>(i) नैतिक सबलता<br>(ii) धार्मिक विश्वास<br>(iii) आध्यात्मिकता<br>(iv) उपर्युकत  सभी | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>कथन (A) धूल उड़ाती मोटर को आँखों के सामने से निकलता हुआ देखकर लेखक को विडंबना महसूस होती है।<br>कारण (R) लेखक के पास सुंदर मोटर नहीं थी।<br>विकल्प: | 1 |

<table>
<tr><td></td><td>(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है<br>(ii) कथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है<br>(iii) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं<br>(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है</td><td></td></tr>
<tr><td>(घ)</td><td>कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए
<table>
<tr><th colspan="2">कॉलम- 1</th><th colspan="2">कॉलम 2</th></tr>
<tr><td>A</td><td>पैसे की व्यंग्य शक्ति का</td><td>1</td><td>कृतघ्नता पैदा हो सकती है</td></tr>
<tr><td>B</td><td>मोटर से वंचित होने से</td><td>2</td><td>व्यक्ति स्वयं को श्रेष्ठ मानता है।</td></tr>
<tr><td>C</td><td>पैसे की अधिकता में</td><td>3</td><td>मनुष्य की चेतना पर प्रभाव पड़ता है।</td></tr>
</table>
विकल्प- A B C<br>(i) 1 2 3<br>(ii) 3 1 2<br>(iii) 2 3 1<br>(iv) 2 1 3</td><td>1</td></tr>
<tr><td>(ङ)</td><td>निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए<br>1. लेखक अपने माँ-बाप के घर स्वयं का जन्म होने को धन्य मानता है।<br>2. लेखक मोटर साइकिल पर चल रहा था जब उसके सामने से मोटर निकली।<br>3. लोक-वैभव की व्यंग्य-शक्ति चूरन वाले के समक्ष अर्थहीन थी।<br>उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?<br>(i) केवल 1<br>(ii) केवल 3<br>(iii) 1 और 2<br>(iv) 2 और 3</td><td>1</td></tr>
<tr><td>10.</td><td>निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए:-</td><td>6</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| (क) | उदाहरण सहित बताइए कि भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती कैसे हो गईं? | 3 |
| (ख) | 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ में लेखक द्वारा बताए गए आदर्श समाज के तीनों तत्त्वों का उल्लेख कीजिए। | 3 |
| (ग) | 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर बताइए कि ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या प्रभाव पड़ता था? | 3 |
| **11.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए:- | **4** |
| (क) | 'शिरीष के फूल' पाठ में किस महापुरुष को अवधूत कहा गया है और क्यों ? | 2 |
| (ख) | भीमराव आंबेडकर के अनुसार 'दासता' की परिभाषा क्या है? | 2 |
| (ग) | 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक द्वारा पानी के साथ-साथ गुडधानी की मांग क्यों की जा रही है? | 2 |
| **12.** | निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए:- | **10** |
| (क) | 'सिल्वर वेडिंग' कहानी के आधार यशोधर बाबू के चरित्र की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। आप उनमें से कौन-सी विशेषता अपनाना चाहेंगे ? | 5 |
| (ख) | 'जूझ' कहानी का नायक किन विषम परिस्थितियों में अपनी पढाई जारी रख पाता हैं? अगर उसकी जगह आप होते तो उन परिस्थितियों में किस प्रकार अपने सपने को जीवित रख पाते? | 5 |
| (ग) | क्या सिंधु घाटी सभ्यता को जल-संस्कृति कह सकते हैं? 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | ***** | |